आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 01.2.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज आम बजट पेश करेंगी।
- राज्य भण्डारण निगम प्रदेश के पांच जिलों में आधुनिक सुविधाओं के साथ 40 हजार मिट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण करेगा।
- उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में देशभर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी।
- राष्ट्रीय खेलों में मणिपुर 9 स्वर्ण और 7 रजत पदकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंचा, उत्तराखंड एक स्वर्ण और 2 रजत पदकों के साथ 13वें स्थान पर बना हुआ है।

केंद्रीय बजट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज आम बजट पेश करेंगी। इससे पहले वित्त मंत्री ने कल नई दिल्ली स्थित अपने कार्यालय में बजट बनाने की प्रक्रिया से जुड़े सचिवों और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की।

उत्तराखंड के लोगों को ग्रीन बोनस और आपदा के लिए विशेष पैकेज की उम्मीद है। देहरादून से सामाजिक कार्यकर्ता अनूप नौटियाल ने उत्तराखंड के लिए वन संरक्षण, जल स्त्रोत संरक्षण और कृषि के लिए विशेष वित्तीय सहायता की उम्मीद जताई है।

पत्रकार और लेखक जय सिंह रावत ने राज्य में भूस्खलन और आपदाओं के मद्देनजर अन्य राज्यों की तर्ज पर इस बजट में उत्तराखंड के लिए विशेष प्रावधान किए जाने पर जोर दिया।

वेयरहाउस

राज्य भण्डारण निगम प्रदेश के पांच जिलों में आधुनिक सुविधाओं के साथ 40 हजार मिट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण करेगा। इस संबंध में संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों को गोदाम निर्माण के लिये भूमि का चयन कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सहकारिता विभाग की वुर्चअल बैठक में ये दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेशभर में भंडारण क्षमता के विस्तार और इसे बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि बड़े पैमाने पर खाद्यान्न व उर्वरकों का भण्डारण किया जा सके। सहकारिता मंत्री ने कहा कि राज्य भण्डारण निगम के तहत वर्तमान में प्रदेश भर में एक लाख इक्तीस हजार पांच सौ पचास मेट्रिक टन क्षमता के भण्डारण की सुविधा उपलब्ध है, जिसका विस्तार किया जाना है।

उन्होंने कहा कि भविष्य में निगम के द्वारा पर्वतीय जिलों में कोल्ड स्टोरेज खोलने जाएंगे ताकि काश्तकार अपने उत्पादों को इसमें सुरक्षित रख सके। इसके अलावा सेना और आईटीबीपी के लिये भी कोल्ड स्टोरेज खोले जाने की योजना है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की आंतरिक परिवाद समितियों के गठन के मामले में सभी विभागों को स्थिति स्पष्ट करने निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस मामले में विभागों की रिपोर्ट भी मांगी है। श्रीमती रतूड़ी ने बताया कि अभी तक एक हजार पांच सौ 49 सरकारी और 13 गैर सरकारी आंतरिक परिवाद समिति गठित की गई हैं। उन्होंने शेष विभागों को तत्काल समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने महिला सशक्तीकरण विभाग को गर्भवती महिलाओं को कॉल सेंटर के माध्यम से प्रसव से पूर्व तीन अनिवार्य एएनसी की जांच की पुष्टि के लिए अनिवार्यत दूरभाष से सम्पर्क कर फीडबैक लेने को कहा है। साथ ही राज्य में बालिकाओं व महिलाओं के लिए संचालित की जा रही गौरा नंदा देवी सहित सभी योजनाओं की पुष्टि के लिए लाभार्थियों से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क कर स्थापित कर जानकारी लेने पर जोर दिया।

राज्यपाल

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने ''एन इनक्विजिशन इनटू द फिलॉसफी बिहाइंड द न्यू क्रिमिनल लॉज ऑफ इंडिया का विमोचन किया। ये पुस्तक तीन नए आपराधिक कानूनों—भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के दार्शनिक आधारों और प्रगतिशील तत्वों पर प्रकाश डालती है। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में विमोचन के दौरान राज्यपाल ने कहा कि तीन नए कानूनों पर किए गए शोध पर आधारित पुस्तक विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। राज्यपाल ने कहा कि ''न्याय में देरी, न्याय से वंचित'' करने के समान होती है, और नए आपराधिक कानून इस समस्या को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रीय खेल

और अब खबर खेल जगत से——— उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल पूरे जोश और उत्साह के साथ चल रहे हैं। तैराकी से लेकर रग्बी, साइकिलिंग, भारोत्तोलन और निशानेबाजी में देशभर के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। किसी ने इतिहास रच दिया तो किसी ने रोमांचक मुकाबलों में मामूली अंतर से जीत दर्ज की। मणिपुर 9 स्वर्ण और 7 रजत पदकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। सर्विस कंट्रोल बोर्ड 9 स्वर्ण और 6 रजत पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि कर्नाटक 9 स्वर्ण और 4 रजत पदकों के साथ पहले स्थान से खिसककर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं, उत्तराखंड एक स्वर्ण और 2 रजत पदकों के साथ 13वें स्थान पर बना हुआ है। पेश है एक रिपोर्ट———

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर———

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के बाद संसद परिसर में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के बयान पर हुए सियासी संग्राम को सभी अखबारों ने प्रमुखता से अपने प्रथम पृष्ठ पर स्थान दिया है। हिन्दुस्तान लिखता है– राष्ट्रपति के सम्मान पर संग्राम, जबकि दैनिक जागरण की सुर्खी है– सोनिया ने राष्ट्रपति को बेचारी बताया, मचा राजनीतिक बवाल।

प्रदेश में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों पर अमर उजाला ने लिखा है– उत्तराखंड को दो पदक मिले, चार पक्के। ये समाचार पत्र आगे खेल मंत्री रेखा आर्या के हवाले से लिखा है– खेल रत्नों की खान है उत्तराखंड। दैनिक जागरण लिखता है– मणिपुर के बिंदिया रानी ने चानू का रिकार्ड तोड़ा।

<u>उपचुनाव</u>

अल्मोड़ा के खगमरा कोट वार्ड संख्या 40 के पार्षद पद का पुनर्मतदान कल शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ। उपचुनाव में निर्दलीय मधु बिष्ट ने जीत हासिल की। उन्होंने निकतम प्रतिद्वंदी भाजपा उम्मीदवार को 174 मतों से हराया। गौरतलब है कि 23 जनवरी को हुए मतदान में 625 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। इस बूथ पर 04 दावेदारों ने नामांकन कराया था। लेकिन मतगणना के दौरान उम्मीदवारों के अभिकर्ताओं की ओर से मतदान के संबंध में आपत्ति दर्ज कराई थी। जिसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वार्ड संख्या 40 का चुनाव रद्द कर दिया गया था।